भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2148

12 फरवरी 2026, को उत्तर दिए जाने के लिए

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में रिक्तियां

†2148. श्रीमती रचना बनर्जीः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में स्वीकृत पदों, वर्तमान पदों और रिक्तियों की संख्या कितनी है और आरक्षित पदों का श्रेणीवार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2014 से मंत्रालय और उसके विभागों में रिक्तियों की वर्षवार और श्रेणीवार संख्या कितनी है और आरक्षित पद कितने हैं; और

(ग) वर्ष 2014 से संविदा कर्मचारियों की वर्षवार और श्रेणीवार संख्या कितनी है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) और (ख): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) में अखिल भारतीय सेवाओं, केंद्रीय सचिवालय सेवाओं, अन्य संगठित सेवाओं और सामान्य लोक सेवाओं के अधिकारी/कर्मचारी हैं। संबंधित संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों द्‌वारा इन अधिकारियों/कर्मचारियों के संबंध में समय-समय पर जारी किए गए तैनाती, स्थानांतरण और पदोन्नति आदेशों का कार्यान्वयन इस मंत्रालय द्‌वारा किया जाता है। इस समय, इस मंत्रालय में 1329 स्वीकृत पदों की तुलना में 1063 पद भरे हुए हैं।

जहां तक वर्ष 2014 से रिक्तियों और कर्मचारियों की भर्ती का संबंध है, यह सूचित किया जाता है कि रिक्तियों का होना और उन्हें भरना एक सतत् प्रक्रिया है। इस मंत्रालय द्वारा संबंधित संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों को सूचित की गई रिक्तियों को भारत सरकार के आरक्षण मानदंडों/दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए उनके द्वारा ही भरा जाता है।

तथापि, केन्द्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय इंजीनियरी संगठन (सीपीएचईईओ) और मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के संवर्ग की रिक्तियों संबंधी कार्रवाई इस मंत्रालय द्वारा की जाती है, क्योंकि इन पदों को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा क्रमश संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के माध्यम से सीधे भरा जाता है।

सीपीएचईईओ में 17 अधिकारियों/कर्मचारियों के पद स्वीकृत है जिसमें से 12 अधिकारी/कर्मचारी तैनात हैं, जहां तक आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में एमटीएस के पद का संबंध है, 81 स्वीकृत पदों में से 64 एमटीएस कार्यरत हैं। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में 2014 से सीपीएचईईओ में और एमटीएस के पद की रिक्तियों का ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ग): वर्तमान में, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा विभिन्न सेवा प्रदाताओं के माध्यम से 81 अनुबंधित एमटीएस कर्मचारियों, 20 डाटा एंट्री ऑपरेटरों और 07 स्टाफ कार चालकों की सेवाएं ली जा रही है।

******

माननीय संसद सदस्य श्रीमती रचना बनर्जी द्वारा दिनांक 12.02.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2148 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में अनुलग्नक-I

दी गई सूचना के अनुसार सीपीएचईईओ में वर्ष-वार और श्रेणी-वार रिक्तियां/भरे गए पद

क्र. सं.	रिक्ति वर्ष	श्रेणी									
		सूचित रिक्ति	रिक्ति भरी गई	सूचित रिक्ति	रिक्ति भरी गई	सूचित रिक्ति	रिक्ति भरी गई	सूचित रिक्ति	रिक्ति भरी गई	सूचित रिक्ति	रिक्ति भरी गई
		अनुसूचित जाति		एसटी		ओबीसी		अनारक्षित		ईडब्ल्यूएस	
1	2014	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00
2	2015	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00
3	2016	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00
4	2017	00	00	00	00	01	01	01	01	00	00
5	2018	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00
6	2019	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00
7	2020	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00
8	2021	01	01	00	00	01	01	02	00	00	00
9	2022	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00
10	2023	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00
11	2024	00	00	00	00	01	00	01	01	00	00
12	2025	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00
कुल		01	01	00	00	03	02	04	02	00	00

दी गई सूचना के अनुसार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में वर्ष-वार और श्रेणी-वार रिक्तियां/भरे गए पद

क्र. सं.	रिक्ति वर्ष	श्रेणी									
		सूचित रिक्ति	रिक्ति भरी गई	सूचित रिक्ति	रिक्ति भरी गई	सूचित रिक्ति	रिक्ति भरी गई	सूचित रिक्ति	रिक्ति भरी गई	सूचित रिक्ति	रिक्ति भरी गई
		अनुसूचित जाति		एसटी		ओबीसी		अनारक्षित		ईडब्ल्यूएस	
1	2014	**00**	**00**	**00**	**00**	**00**	**00**	**00**	**00**	**00**	**00**
2	2015	**00**	**00**	**00**	**00**	**00**	**00**	**00**	**00**	**00**	**00**
3	2016	00	00	04	02	15	13	19	18	00	00
4	2017	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00
5	2018	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00
6	2019	00	00	02	01	08	04	02	02	03	01
7	2020	03	01	01	01	06	03	08	04	03	01
8	2021	04	02	01	01	07	03	09	08	03	02
9	2022	05	00	01	00	08	00	11	00	03	00
10	2023	05	03	01	01	08	07	06	03	06	05
11	2024	04	00	00	00	01	00	05	00	02	00
12	2025	04	00	01	00	04	00	06	00	02	00
कुल		25	06	11	06	57	30	66	35	22	09